दिनांक 05.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

महापौर देवेन्द्र यादव का ''भिलाई के गोठ'' कार्यक्रम के तहत् दौरा कार्यक्रम 06 मार्च से प्रारंभ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव ''भिलाई के गोठ'' कार्यक्रम में 06 मार्च को प्रातः 07 बजे जोन 04 शिवाजी नगर के वार्ड 39 पुरैना में वार्ड का भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं से रुबरु होंगे। महापौर 7 मार्च को प्रातः 07 बजे जोन 06 रिसाली में वार्ड 63 रुआबांधा बस्ती का दौरा करेंगे। 8 मार्च को प्रातः 7 बजे जोन 6 रिसाली में ही वार्ड 62 रुआबांधा सेक्टर का भ्रमण करेंगे। उसी प्रकार 09 मार्च को प्रातः 7 बजे से ही जोन 6 रिसाली के वार्ड 41 डुण्डेरा का भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं से अवगत होंगे एवं 10 मार्च को प्रातः 7 बजे से ही जोन 06 रिसाली के वार्ड 40 जोरातराई में पहुंचकर वार्ड के नागरिकों की जनसमस्या एवं वार्ड भ्रमण कर आम नागरिकों के साथ चौपाल लगायेंगे।

महापौर श्री यादव ने पूर्व में निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों से रुबरु होकर उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं महापौर कार्यालय से प्राप्त आवेदन जो वार्ड के नागरिकों के द्वारा अपनी जनसमस्या को लेकर मुझे आवेदन दिया गया था नागरिकों से प्राप्त प्रमुख रुप से मूलभूत समस्याएं नाली, स्ट्रीट लाईट, साफ–सफाई, सड़क, सीसी रोड निर्माण, नाले की सफाई, शौचालय, विद्युत, पानी, उद्यान, अतिक्रमण, मजदुर कार्ड, का निराकरण करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जो सीधे आम जनता से संबंधित है ऐसे योजनाओं के संबंध में भी जानकारी महापौर के द्वारा उपस्थित नागरिकों को चौपाल के दौरान दी गई, तथा स्वच्छता बनाये रखने के भी संबंध में संदेश दिया गया था।

जन सम्पर्क अधिकारी